देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 14 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
खतरे के संकेत



देहरादून, गुरूवार, 11 अप्रैल 2024

# पेज श्री



मौसम अधिकतम 30.0° न्यूनतम 17.0°

73651.35

2 भविष्य देखना चाहते हैं तो भारत आएं
7 बेटी के लिए धौनी ने लिया था संन्यास

# चल रहा लूट का खेलः पीएम मोदी

## तमिलनाडु में इंडी गठबंधन पर जमकर बरसे पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तमिलनाडु के मेट्टुपालयम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन पर निशाना साधा और कहा कि इंडी गठबंधन के लोग कहते थे कि भारत वैक्सीन नहीं बना सकता है, लेकिन हमने वैक्सीन बनाई और मुफ्त में वैक्सीन देकर करोड़ो लोगों की जान बचाई है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को भरोसा था कि कोरोना महामारी में हमारी अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी, लेकिन उस कठिन समय में केंद्र सरकार ने एमएसएमई को दो लाख करोड़ रुपये की सुरक्षा सहायता दी। उसी वजह से कोयंबटूर जैसी जगहों से काम करने वाली एमएसएमई बच गईं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और द्रमुक के इंडी गठबंधन ने दशकों तक एससी, एसटी और ओबीसी समाज के करोड़ों लोगों को बिजली, पानी और मकान के लिए तरसा कर रखा, लेकिन भाजपा सरकार ने करोड़ो लोगों को पीएम आवास दिया और हर गांव तक बिजली पहुंचाई।

पीएम मोदी ने परिवारवादी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों को लगता है कि इनके बेटे, बेटियों के अलावा कोई गरीब ट्राइबल बड़े पद पर नहीं बैठ सकता है, लेकिन भाजपा ने पहली बार एक ट्राइबल महिला को भारत का राष्ट्रपति बनाया और उस वक्त भी इंडी गठबंधन ने उनका घोर विरोध किया।

पीएम मोदी ने द्रमुक को भ्रष्टाचार और स्कैम का दूसरा नाम करार दिया। उन्होंने कहा कि आज देश 5जी में वर्ल्ड रिकॉर्ड बना रहा है, लेकिन इसी द्रमुक ने 2जी घोटाला करके देश को बदनाम किया था। भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए द्रमुक और कांग्रेस सबसे आगे खड़े नजर आते हैं। मैं कहता हूं– भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं– भ्रष्टाचारी बचाओ। द्रमुक ने हमेशा नफरत और विभाजन की राजनीति पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कभी भी तमिलनाडु के विकास की परवाह नहीं की। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारे तीसरे कार्यकाल में भाजपा के नेतृत्व वाला राजग नीलगिरी और कोंगु के विकास के लिए कड़ी मेहनत करेगा। ये मोदी की गारंटी है।

### 2 वर्षों में 4,600 करोड़ की लूट

पीएम मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार पर पहला कॉपीराइट डीएमके पार्टी ने अर्जित कर लिया है। यह तमिलनाडु राज्य को बुरी तरह से लूट रहा है। खुलासा हुआ है कि रेत तस्करों ने लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाया है। केवल 2 वर्षों में तमिलनाडु को 4,600 करोड़ रु. आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां कितना बड़ा लूट का खेल चल रहा है।



### धर्म, जाति के नाम पर लड़ती है डीएमके

डीएमके और स्टालिन सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि डीएमके की राजनीति का मुख्य आधार है, बांटो, बांटो और बांटो। यह पार्टी देश की लोक भाषा के नाम पर लड़ती है, धर्म और जाति के नाम पर लड़ती है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा,ष्तमिलनाडु के लिए, यह एक विकसित भारत के निर्माण की यात्रा का नेतृत्व करने का समय है। लेकिन डीएमके नहीं चाहती कि तमिलनाडु में विकास हो। राज्य आगे बढ़े और विकास एवं समृद्धि को अपनाए।

### बीजेपी को अपार जनसमर्थन मिल रहा

पीएम मोदी ने विपक्षी आईएनडीआई गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में बैठे लोगों को नहीं पता कि तमिलनाडु की धरती एक नया इतिहास रचने जा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि मेट्टुपालयम में कोयंबटूर की ऊर्जा और नीलगिरी की सुंदरता है। आपका विश्वास और प्यार मुझे और अधिक समर्पित और अधिक भक्तिपूर्ण बनने के लिए मजबूत करता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि तमिलनाडु में बीजेपी को अपार जनसमर्थन मिल रहा है। पूरा तमिलनाडु कह रहा है फिर एक बार, मोदी सरकार। हमें तमिलनाडु को विकसित राज्य बनाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पावर स्टार पवन सिंह की सीट को लेकर सस्पेंस खत्म

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पटना। भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। पवन सिंह ने खुद एक्स पर इसकी जानकारी दी। पवन सिंह काराकाट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। पवन सिंह ने एक्स पर लिखा– माता गुरुतरा भूमेरू अर्थात माता इस भूमि से कहीं अधिक भारी होती हैं और मैंने अपनी मां से वादा किया था की मैं इस बार चुनाव लड़ूंगा। मैंने निश्चय किया है कि मैं 2024 का लोकसभा चुनाव काराकाट, बिहार से लड़ूंगा। जय माता दी।

### मुसीबत में फंसे केजरीवाल को बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री राजकुमार आनंद ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। साथ ही उन्होंने पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया। राजकुमार ने आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के साथ पार्टी में दलितों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलने का आरोप लगाया है।

# माफी स्वीकार नहीं, अवमानना की कार्रवाई को रहें तैयार

## बाबा रामदेव पर फिर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना की दवा कोरोनिल को लेकर पतंजलि आयुर्वेद की ओर से भ्रामक विज्ञापन दिए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फिर से सख्त रुख दिखाया। अदालत ने इस मामले में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की माफी को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम अंधे नहीं हैं, पूरी चीज को देख और समझ रहे हैं। अदालत ने बाबा रामदेव और पतंजलि की ओर से माफी मांगने वाले दूसरे एफिडेविट को खारिज कर दिया और कहा कि आपको अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए।

अदालत ने कहा कि हम आपकी बात से सहमत नहीं है। हम इस माफी को खारिज करते हैं। इस पर सीनियर अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बाबा रामदेव और पतंजलि का पक्ष रखते हुए कहा कि हमें 10 दिन का वक्त दीजिए और फिर अगली सुनवाई में बात करते हैं। दरअसल योग गुरु रामदेव ने पहले ही इस मामले में माफी मांग ली थी और अदालत में कहा था कि इन विज्ञापनों पर रोक लगाएंगे। इसके बाद भी ये विज्ञापन जारी रहे, जिस पर अदालत ने सख्त रुख अपना लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि माफी कागज पर है। आपने उसके बाद भी चीजें जारी रखीं। अब हम आपकी माफी को खारिज करते हैं और इसके बाद के ऐक्शन के लिए तैयार रहिए।

बता दें कि केंद्र सरकार ने भी आज इस मामले में एफिडेविट दाखिल किया है।

### पतंजलि के भ्रामक ऐड पर सुको में बोली केंद्र सरकार

बेंच में शामिल जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा कि हम अंधे नहीं हैं। इस पर पतंजलि का बचाव करते हुए वकील मुकुल रोहतगी ने कहा कि लोगों से गलती हो जाती है। इस दलील के जवाब में बेंच ने कहा कि गलती करते हैं तो फिर लोग उसका खामियाजा भी भुगतते हैं। इस मामले में हम इतनी उदारता नहीं दिखाएंगे। जस्टिस कोहली ने केंद्र सरकार पर भी सख्ती दिखाते हुए कहा कि आपने जानबूझकर इस मामले पर पर्दा डाला और अवमानना करने वालों के साथ दिखे। कोर्ट ने कहा कि आपके अधिकारियों ने इस मामले में कुछ नहीं किया।

# कौन अंग्रेजों के साथ जाकर मिल गया था?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पार्टी के घोषणा पत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के हमले पर कड़ा पलटवार किया है। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि राजनीतिक मंचों से 'झूठ की बौछार' करने से इतिहास नहीं बदलता। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में कुछ जनसभाओं में कहा था कि लोकसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग की छाप नजर आती है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, यह चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस है जिसने हमेशा भारत को जोड़ा और दूसरी तरफ वो हैं जिन्होंने हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि किसने देश का विभाजन चाहने वाली ताकतों से मिला कर उन्हें मजबूत किया और कौन देश की एकता और स्वतंत्रता के लिए लड़ा।

राहुल गांधी ने कटाक्ष करते हुए यह भी कहा, कौन 'भारत छोड़ो आंदोलन' के समय अंग्रेजों के साथ खड़ा था? जब भारत की जेलें कांग्रेसी नेताओं से भर गई थीं, तब कौन देश को बांटने वाली ताकतों के साथ राज्यों में सरकार चला रहा था? उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक मंचों से 'झूठ की बौछार' करने से इतिहास नहीं बदलता।

### तंज

■पीएम मोदी के मुस्लिम लीग वाले तंज पर राहुल गांधी

### क्या बोले थे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार के नवादा जिले में एक चुनावी सभा में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया था कि उसके चुनाव घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है और उसके नेताओं के बयानों में राष्ट्रीय अखंडता व सनातन धर्म के प्रति शत्रुता दिखाई देती है

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आतंकवाद पर भारत का जवाब बालाकोट और उरी है

### विदेश मंत्री जयशंकर ने जनता पर जताया भरोसा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बीकानेर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को बीकानेर में आतंकवाद के विषय पर खुलकर बात की। उन्होंने पाकिस्तान पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि आतंकवादी घटना पर आज के भारत का जवाब बालाकोट और उरी का है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि सीमावर्ती जिला होने की वजह से यहां पर सुरक्षा का मुद्दा हर नागरिक के मन में है। पहले भारत सीमापार से आतंकवाद को सहन करता था, वो जमाना अब खत्म हो गया। 26/11 को मुंबई में जो हुआ, पीएम मोदी के राज में देश में कभी नहीं हुआ... उन्होंने कहा, किसी भी आतंकवादी हमले पर हमारा जवाब बालाकोट और उरी का रहा है। यह खाली एक सीमा पर नहीं है। उत्तरी सीमा पर अगर पड़ोसी फौज कोई दबाव देने की कोशिश करता है, तो हमारी फोर्स उसका सामना कर रही है।

जयशंकर ने कहा कि हर कोई जानता है कि पूरा देश इस चुनाव में मोदी जी की गारंटी पर अपना विश्वास प्रकट करेंगे और मोदी जी की गारंटी पिछले दशक का एक रिकॉर्ड है।

## न्यूज डायरी



### तालिबान ने हिंदू और सिखों को जमीनें वापस लौटाने का लिया फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए बड़ा फैसला लिया है। अफगान तालिबान ने हिंदू और सिखों को जमीनें वापस लौटाने का फैसला लिया है। अफगानिस्तान के तालिबान अधिकारियों ने हिंदू और सिख अल्पसंख्यकों को उनकी निजी प्रॉपर्टी बहाल करने के लिए काम भी शुरू कर दिया है। तालिबान अधिकारी इन संपत्तियों को पूर्व की अमेरिका समर्थित सरकार से जुड़े लोगों और अफसरों से वापस ले रहे हैं। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के इस फैसले को भारत की विदेश नीति के लिए भी एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अफगान तालिबान की यह पहल धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले अन्याय को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। तालिबान के एक अधिकारी ने इस पर कहा कि देश में जो लंबे समय से विस्थापित और हाशिए पर हैं। उनको हक दिलाने के लिए हम काम कर रहे हैं। तालिबान की कोशिशों से सबसे उल्लेखनीय घटनाक्रम हिंदू और सिखों का प्रतिनिधित्व करने वाले संसद सदस्य नरेंद्र सिंह खालसा की काबुल वापसी है। खालसा हाल ही में कनाडा से अफगानिस्तान लौटे हैं।

### शिकागो पुलिस ने यातायात रोकने के दौरान चलाई 41 सेकंड में लगभग 100 गोलियाँ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शिकागो। शिकागो में पुलिसकर्मियों द्वारा सड़क पर गोलीबारी करने की घटना सामने आई है। पुलिस निगरानी एजेंसी द्वारा एक ग्राफिक वीडियो फुटेज जारी किया गया। इस वीडियो के अनुसार, सादे कपड़ों में शिकागो पुलिस अधिकारियों ने यातायात रोकने के दौरान 41 सेकंड में लगभग 100 गोलियां चलाईं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अधिकारी घायल हो गया। पिछले महीने एक अज्ञात पुलिस वाहन में सवार सामरिक इकाई के पांच अधिकारियों ने कथित तौर पर सीट बेल्ट न पहनने के कारण डेक्सटर रीड द्वारा संचालित एक एसयूवी को घेर लिया था। वीडियो में दिखाया गया है कि 26 वर्षीय व्यक्ति थोड़ी देर के लिए खिड़की को नीचे करता है और फिर उसे ऊपर उठाता है और वाहन से बाहर निकलने से इनकार करता है क्योंकि अधिक अधिकारी आते हैं, जो चिल्लाते हैं और हथियार निकालते हैं। पुलिस जवाबदेही के नागरिक कार्यालय ने कहा कि प्रारंभिक साक्ष्य से पता चलता है कि रीड ने पहले गोली चलाई, जिससे शहर के वेस्ट साइड पर हम्बोल्ट पार्क पड़ोस में एक अधिकारी घायल हो गया। फिर चार अधिकारियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 96 राउंड गोलियां चलाईं। सीओपीए ने बॉडी-वॅर्न कैमरा फुटेज, 911 कॉल और पुलिस रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, रीड अपने वाहन से बाहर निकलकर जमीन पर गिर गया के बाद भी गोलीबारी जारी रही।

### किशोर के माता-पिता को मिली 10 से 15 साल जेल की सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मिशिगन (यूएस)। 2021 में ऑक्सफोर्ड, मिशिगन के एक स्कूल में गोलीबारी में चार छात्रों की हत्या करने वाले किशोर के माता-पिता को 10 से 15 साल जेल की सजा सुनाई गई है। इसकी जानकारी सीएनएन की रिपोर्ट में दी गई है।

वे पहले माता-पिता हैं जिन्हें अपने बच्चों द्वारा की गई गोलीबारी के लिए आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराया गया है क्योंकि अमेरिका में कैंपस में गोलीबारी और बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटनाएं लगातार जारी हैं। दंपति को हत्या का दोषी ठहराए जाने के कुछ सप्ताह बाद सजा सुनाई गई है। जेम्स और जेनिफर क्रम्बली, जिनमें से प्रत्येक को 15 साल तक की जेल का सामना करना पड़ा था, शूटिंग के कुछ दिनों बाद डेट्रॉइट गोदाम में गिरफ्तारी के बाद से पहले ही दो साल से अधिक समय से जेल में हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हालांकि जेम्स और जेनिफर क्रम्बली पर अलग-अलग मुकदमा चलाया गया, लेकिन उन्हें ओकलैंड काउंटी कोर्ट रूम में एक साथ सजा सुनाई गई।

गोलीबारी में मारे गए चार छात्रों के परिवार के कई सदस्यों ने न्यायाधीश द्वारा सजा की घोषणा से पहले भावनात्मक पीड़ित प्रभाव वाले बयान दिए। एक अन्य पीड़ित, हाना सेंट जूलियाना के पिता ने कहा कि क्रम्बलीज लगातार अपने ऊपर लगे दोष टाल रहे हैं।

# भविष्य देखना चाहते हैं तो भारत आएं

**तारीफ**

## भारत को लोकतंत्र का ज्ञान देने वाले अमेरिकी राजदूत के बदले सुर, की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। सीएए और अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद भारत को लोकतंत्र का ज्ञान देने वाले अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी के सुर अब बदलते हुए दिख रहे हैं। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि भारत दुनिया के भविष्य को आकार देने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भविष्य देखना चाहता है तो उसे भारत आना चाहिए। गार्सेटी ने यह भी कहा कि अगर आप भविष्य को महसूस करना चाहते हैं या भविष्य पर काम करना चाहते हैं तो आपको भारत आना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए फख्र की बात है कि अमेरिकी राजदूत के रूप में वह हर दिन ऐसा कर रहे हैं।



एरिक गार्सेटी ने भारत और अमेरिका के बीच भागीदारी को अहम मानते हुए कहा कि उनका देश हिंदुस्तान के साथ भागीदारी को अहमियत देता है। उन्होंने कहा, हम यहां पर सिखाने या ज्ञान देने नहीं आए हैं। हम यहां पर सुनने और सीखने आए हैं। गार्सेटी ने विचारों के आपसी आदान प्रदान और दोनों देशों के बीच पहल को रेखांकित किया। उन्होंने खुलासा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के मन में भी भारत के लिए बहुत सम्मान है। राष्ट्रपति बाइडन ने खुद निजी रूप से मुझे यह कहा है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भी कहा है कि प्रौद्योगिकी एवं अन्य क्षेत्रों में सहयोग से भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है।

सुलिवन ने अपने ताजा बयान में कहा, ब्रिक्स में शामिल देश भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और कई अन्य क्षेत्रों में सहयोग के कारण नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई है। ब्रिक्स दुनिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं का एक समूह है। ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात इसके सदस्य हैं। इससे पहले अमेरिका के विदेश मंत्रालय और खुद गार्सेटी ने भारत से अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों और केजरीवाल की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया था। गार्सेटी ने कहा था कि हमारे संबंध चाहे कितने भी करीबी क्यों न हो, हम सिद्धांत को नहीं छोड़ सकते हैं।

सुलिवन ने कहा, मुझे लगता है कि अगर आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके संबंधों को देखें, तो हम अपनी स्थिति को देखकर अच्छा महसूस करते हैं। सुलिवन ने कहा, यदि आप देखें कि नाटो में क्या हुआ है, हमने नाटो को पहले से कहीं अधिक बड़ा बना दिया है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच शहबाज को नहीं मिल रहा मध्यस्थ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर का विवाद लंबे समय से चल रहा है। पाकिस्तान कई देशों से इस मामले में मध्यस्थता कराने की बात कह चुका है। लेकिन भारत हर बार इसे द्विपक्षीय मुद्दा बताता रहा है। हाल ही में सऊदी अरब से कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को झटका मिला था। अब उसे अमेरिका से भी ऐसा ही झटका लगा है।

अमेरिका के एक टॉप अधिकारी ने भारत-पाकिस्तान से तनाव कम करने और बातचीत के लिए मामले को सुलझाने का आग्रह किया है। लेकिन साथ ही कहा कि अमेरिका मध्यस्थ की भूमिका नहीं निभाएगा।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से एक रिपोर्ट को लेकर सवाल किया गया था। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि भारत सरकार के एजेंटों ने पाकिस्तान के अंदर आतंकियों को मारने की योजना बनाई है। मिलर ने कहा, हम इस मुद्दे पर मीडिया रिपोर्ट्स को फॉलो कर रहे हैं। हम इन आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। इसके आगे उन्होंने कहा, अमेरिका इस स्थिति के बीच में नहीं आएगा। हम दोनों पक्षों को तनाव से बचने और बातचीत के जरिए समाधान खोजने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।



### संयुक्त राष्ट्र में दिखा भारत का दबदबा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड समेत संयुक्त राष्ट्र के कई प्रमुख निकायों के लिए भारत का चयन किया गया है। भारत की जगजीत पवाडिया ने अंतरराष्ट्रीय स्वापक नियंत्रण बोर्ड (आइएनसीबी) में तीसरी बार निर्वाचित होकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पवाडिया को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) द्वारा आयोजित अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त हुए हैं। पावडिया को गुप्त मतदान के जरिए मार्च 2025 से 2030 तक पांच साल के तीसरे कार्यकाल के लिए आईएनसीबी में फिर से चुना गया। भारत को ईसीओएसओसी के मतदान करने वाले 53 सदस्यों में से 41 के वोट मिले, जो सभी विजेता सदस्य देशों में सबसे अधिक हैं।

# भारत संग डील के बाद फ्रांस की लगी लॉटरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

■ लड़ाकू विमान भारत के पास भी हैं

पेरिस। भारत में वायुसेना की ताकत कहे जाने वाला राफेल विमान एक और देश चाह रहा है। भारत के समझौते के बाद ग्रीस और क्रोएशिया राफेल खरीद चुके हैं। अब यूरोप का सर्बिया राफेल मल्टीरोल लड़ाकू विमानों को खरीदने से जुड़ा समझौता करने को तैयार है।

देश के राष्ट्रपति ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि 12 जेट विमानों की खरीद के लिए ठोस समझौते किए गए हैं। अगर ऐसा होता है, तो सर्बिया की नीति में एक बड़ा बदलाव होगा, जिसका रूस के साथ घनिष्ठ सैन्य संबंध है। पारंपरिक रूप से वह रूस की ओर से बनाए गए हथियारों का इस्तेमाल करता रहा है।

यह डील फ्रांस के डसॉल्ट एविएशन के लिए भी अच्छी खबर होगी, जो अब तक भारत समेत सात देशों को यह विमान बेच चुका है। पेरिस की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान बोलते हुए सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने कहा कि वह और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों राफेल लड़ाकू जेट की खरीद के संबंध में ठोस समझौते पर पहुंचे हैं। इससे पहले वुसिक ने फ्रांसीसी रक्षा अधिकारियों और डसॉल्ट के प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी।

वुसिक ने पेरिस में सर्बियाई पत्रकारों को बताया कि कॉन्ट्रैक्ट पर अगले दो महीनों में फ्रांस के राष्ट्रपति की मौजूदगी में हस्ताक्षर की उम्मीद है। पिछले साल वुसिक ने लगभग 3.26 अरब डॉलर की लागत से एक दर्जन राफेल खरीदने की संभावना जताई थी। राफेल विमान सर्बिया के पड़ोसी क्रोएशिया के पास भी है, जो उसका पुराना दुश्मन है।

सर्बिया राफेल विमानों का इस्तेमाल पुराने लड़ाकू बेड़े के आधुनिकीकरण के लिए करेगा। सर्बिया के पुराने बेड़े में रूसी मिग-29 फाइटर जेट हैं।

## अमेरिका में लापता हुई थी 17 साल की भारतीय छात्रा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में लगातार भारतीय अमेरिकी छात्रों के लापता और उनकी मौत की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं, इस बीच एक बार फिर से अमेरिका के फ्रिस्को में एक छात्रा लापता हो गई। मामले की जांच करने पर छात्रा को ढूंढ लिया गया है। इसकी जानकारी फ्रिस्को पुलिस ने दी है। पुलिस शुरू में इशिका ठाकोर नाम की 17 वर्षीय लड़की की तलाश कर रही थी, जो सोमवार रात को अपना घर छोड़ गई थी और तब से उसे नहीं देखा गया है। बाद में उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, लापता लड़की का पता लगा लिया गया। हम सहायता की पेशकश और समर्थन के शब्दों के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहते हैं। हालाँकि, फियास्को पुलिस ने अभी तक इस बात का खुलासा नहीं किया है कि उन्हें किशोर लड़की कैसे और कहाँ मिली। इस साल अमेरिका में 11 भारतीय-अमेरिकी छात्र मृत पाए गए हैं।


Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# हर कार्मिक को अपने संशय प्रशिक्षण में ही दूर करने होंगे

**प्रशिक्षण**

## पोल डे मानीटिरिंग सिस्टम से जुड़े कार्मिको को कार्य एवं दायित्वों की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण मे दोनो विधान सभाओ के लिए चालीस कार्मिक थे उपस्थित



**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन को लेकर पोल डे मानीटिरिंग सिस्टम से जुड़े कार्मिको को कार्य एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण मे दोनो विधान सभाओ के लिए चालीस कार्मिक उपस्थित थे। विकास भवन सभागार मे लोकसभा सामान्य निर्वाचन की सृदृढ़ व्यवस्था को लेकर पोल डे मानीटिरिंग सिस्टम मे तैनात कार्मिको को मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षणार्थियो को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पोल डे की गतिविधियों का संकलन एक समयबद्व कार्यक्रम है, इसलिए हर कार्मिक को अपने संशय प्रशिक्षण में ही दूर कर लेने होंगे, इसके साथ ही तत्परता एवं परस्पर संवाद पीठासीन अधिकारी से बनाये रखना होगा। उन्होंने कार्मिकों से तनावमुक्त माहौल में रहकर दायित्वों का निर्वहन करने के लिए कई टिप्स भी दिए।

नोडल अधिकारी अखिलेश मिश्रा ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि पोल डे मानीटिरिंग सिस्टम में तीन प्रकार से कार्य किया जाता है, पहला पीठासीन अधिकारी द्वारा ऐप के माध्यम से, दूसरा एसएमएस के जरिये व तीसरा दूरभाष सम्पर्क स्थापित करके उन्होंने बूथ कनैक्टीविटी की जानकारी पहले से ही रखने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि दो कार्मिकों की एक टीम बनायी गई है, जिन्हें निर्वाचन तिथि से पूर्व बूथ आवंटित किए जायेंगे। टीम को आवंटित बूथ से संबंधित पीठासीन अधिकारी से संवाद बनाये रखना है। मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रमेंद्र कुमार बिष्ट ने कहा कि सभी कार्मिकों को अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप पूरे मनोयोग से कार्य पर जुटना होगा। उन्होंने आपस मे जानकारी एवं अनुभवों को साझा करने का सुझाव कार्मिकों को दिया।

इस दौरान जिला विकास अधिकारी अनिता पंवार, ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित रावत, सहायक नोडल अधिकारी शैली प्रजापति, प्रवक्ता अनीश चन्द्र जोशी, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### बालिका ओपन वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता** चमोली। युवाओं को खेलों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से खेल विभाग द्वारा बालिका ओपन वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पांच टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल में पीजी कॉलेज गोपेश्वर ने जीजीएचएस नैग्वाड गोपेश्वर को 25–16, 25–20 अंकों से पराजित कर जनपद स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के पहले मैच में जीजीएचएस नैग्वाड ने पीजी कॉलेज के शिक्षा संकाय(बीएड) को 25–15, 25–12 से, दूसरे मैच में पीजी कॉलेज गोपेश्वर ने स्टेडियम गोपेश्वर को 25–22, 25–18 से, तीसरे मैच में जीजीएचएस नैग्वाड गोपेश्वर ने चमोली की होमगार्ड टीम को 26–24, 16–25 एवं 25–12 से पराजित किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों की भूमिका में रमेश पंखोली, संतोषी नेगी एवं स्कोरर श्रीमती रश्मि बिष्ट रहे।

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 2024 में मजबूत शुरुआत के साथ गति पकड़ी

**संवाददाता** देहरादून। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 2024 की पहली तिमाही में शानदार व्यवसायिक प्रदर्शन दर्ज किया है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने 3ए680 कारों और 1ए810 मोटरसाइकिलों की डिलीवरी की। बीएमडब्ल्यू की 3ए510 यूनिट और मिनी की 170 यूनिट की बिक्री हुई। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने अपने स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल, लग्जरी क्लास और इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए ज्यादा माँग के दम पर क्यू1 में प्लस 51प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। बीएमडब्ल्यू एक्स7, बीएमडब्ल्यू एक्स3, बीएमडब्ल्यू एक्स1 और बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज जैसे मॉडल्स पूर्णतह बिक गए।

### एचडीएफसी बैंक ने लक्षद्वीप के कवरत्ती द्वीप में अपनी नई शाखा खोली

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक ने केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप के कावारत्ती द्वीप में अपनी एक नई शाखा खोली है। इस नई शाखा के साथ एचडीएफसी बैंक इस केंद्र शासित प्रदेश में शाखा रखने वाला एकमात्र प्राइवेट बैंक बन गया है। इस नई शाखा का उद्घाटन भारतीय नौसेना के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन लवकेश ठाकुर और जाने माने स्थानीय निवासी डॉ. केपी मुथुकोया ने किया। इस अवसर पर एस संपतकुमार, ग्रुप हेड, रिटेल ब्रांच बैंकिंग, एचडीएफसी बैंक और संजीव कुमार, ब्रांच बैंकिंग हैड, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी और अन्य स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस शाखा का उद्देश्य पर्सनल बैंकिंग, डिजिटल बैंकिंग पर ध्यान केंद्रित करने वाली सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करके केंद्र शासित प्रदेश में बैंकिंग के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर करना है।

## 'सुन ओ आमा, बुबू, मतदान करी ऊँलां...

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर आगामी 19 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदाता जागरूकता को लेकर निरंतर रूप से मीडिया, सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रचार–प्रसार किया जा रहा है जिसके बेहतर नतीजे सामने आए हैं।

इसी कड़ी में अब कुमाऊँ कमिश्नर एवं वरिष्ठ आईएएस दीपक रावत ने भी लोकतंत्र के इस महापर्व में गीत के जरिये मतदाता को जागरूक करने का प्रयास किया है। वरिष्ठ आईएएस ने सुन ओ आमा, बुबू, मतदान करी ओलां" शीर्षक से गीत रिकॉर्ड किया है जिसे सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। गीत में वह स्थानीय बोली भाषा में समाज के हर तबके युवा, बुजुर्गों, महिलाओं को मतदान के लिए जागरूक कर रहे हैं। 18 वर्ष के नवयुवाओं को भी वह अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। गीत में 'लोकतंत्र फुल सपोर्ट' लाइन का इस्तेमाल कर लोगों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया है।

गौरतलब है कि लोकतंत्र के महापर्व को लेकर उत्तराखंड के स्थानीय सेलेब्रिटीज से लेकर तमाम बॉलीवुड कलाकार व अन्य पेशों से जुड़े लोग, जनता को मतदान के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।



## राजनीतिक दलों को दी ईवीएम कमिशनिंग की जानकारी

**संवाददाता** चमोली। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश ने बुधवार को पीजी कॉलेज गोपेश्वर में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए ईवीएम कमिशनिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ, थराली तथा कर्णप्रयाग के सभी बूथों पर मतदान के लिए ईवीएम तैयार की जा रही है। ईवीएम मशीनों को चार श्रेणी 'ए', 'बी', 'सी' और 'डी' में व्यवस्थित ढंग से रखा जा रहा है। 'ए' श्रेणी में वो मशीनें रहेंगी जिन पर मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी और 'बी' श्रेणी वो मशीनें होंगी, जो मतदान के दौरान खराब होगी। इन दोनों श्रेणी की मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। कमिशनिंग के दौरान जो मशीनें खराब मिल रही है उनको 'सी' श्रेणी में ईवीएम वेयर हाउस में रखा जाएगा। जबकि 'डी' श्रेणी में रिजर्व वाली मशीनों को रखा जाएगा।

## मतदाताओं की सुविधा के लिए चमोली की तीनों विधानसभा में बनाए गए मॉडल बूथ

**संवाददाता**

चमोली। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए चमोली जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 17 मतदेय स्थलों को आदर्श मतदेय स्थल (मॉडल बूथ) बनाया जा रहा है। इन बूथों पर मतदाताओं के लिए घर जैसा माहौल देने का प्रयास किया जाएगा। मॉडल बूथों पर खान–पान और बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ ही दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदान की अलग से व्यवस्था रहेगी।

मतदाताओं को सुखद अहसास के लिए मॉडल बूथों को अच्छे से सजाया गया है। मॉडल बूथों में महिला, युवा एवं दिव्यांग मैनेज




बूथ और यूनिक बूथ शामिल है। महिला प्रबंधन वाले बूथों पर सभी महिला कार्मिक, दिव्यांग प्रबंधन बूथ पर दिव्यांग और युवा बूथ पर सभी युवा कार्मिक तैनात रहेंगे।

जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में जीआईसी गोपेश्वर, जीआईसी नारायणबगड तथा जीआईसी कर्णप्रयाग को महिला प्रबंधन बूथ बनाया गया है। जबकि प्राथमिक विद्यालय कुण्ड गोपेश्वर, शहीद भवानी दत्त इन्टर कालेज चेपड़ों थराली और जीआईसी गौचर में दिव्यांग प्रबंधन बूथ बनाया गया हैं। आदर्श प्राथमिक विद्यालय पोखरी, प्राथमिक विद्यालय बड़गुना और चंडिका देवी इंटर कालेज मैखुरा को युवा प्रबंधन बूथ बनाया गया है। जबकि प्राथमिक विद्यालय परसारी और डुमक यूनिक बूथ रहेंगे।

इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय अल्कापुरी, आदर्श प्राथमिक विद्यालय गोपेश्वर गांव, प्राथमिक विद्यालय ल्वाणी, प्राथमिक विद्यालय देवाल, जीआईसी गौचर और जीआईसी गैरसैंण को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।

## शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने ली शतप्रतिशत मतदान की शपथ


**संवाददाता** हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के गुरुकुल इंजीनियरिंग कैंपस बहादराबाद के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने शत–प्रतिशत मतदान की शपथ ली। डॉ. सुनील पंवार ने छात्रों से शत–प्रतिशत मतदान का आह्वान किया। डॉ. तनुज गर्ग ने कहा कि चुनाव में हम सभी को बढ़–चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए। डॉ. संजीव लांबा ने छात्रों से नुक्कड़ नाटक से गांवों के लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। बताया कि छात्रों की टीम गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करेगी। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मयंक पोखरियाल ने छात्रों को मतदान की शपथ दिलाई। बाद में हस्ताक्षर अभियान में छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसका शुभारम्भ डॉ. तनुज गर्ग, डॉ. संजीव लांबा ने किया। कार्यक्रम में सुमित बंसल, अश्वनी कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. जसबीर सिंह, डॉ. कपिलदेव शर्मा, विकास देशवाल, देशराज, कमल सिंह आदि मौजूद थे।

# खतरे के संकेत

**सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मनुष्य उतनी तेजी से अपना व्यवहार और बर्ताव नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनाई गई सीमाओं को नहीं मानता।**

गुलशन राय खत्री।।

बढ़ती गर्मी आम आदमी के लिए एक सामान्य खबर हो सकती है, लेकिन इसको सामान्य दृष्टिकोण से देखना आने वाले बड़े खतरों की तरफ से मुंह मोड़ने जैसा है। वर्ल्ड मीटिअरलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि पिछले 10 सालों में धरती का तापमान औसत से ज्यादा ही रहा है। 2024 में तापमान के और ज्यादा बढ़ने की आशंका है। इसका असर धरती के समूचे मौसम चक्र और कालांतर में मनुष्य के जीवन चक्र पर पड़ेगा और सब कुछ उलट–पलट कर रख देगा। इसके चलते कहीं बेमौसम बारिश और कहीं भयानक गर्मी पड़ने की आशंका है। दुनिया विकास के नाम पर संसाधनों का दोहन करते हुए जिस तरह आगे बढ़ रही है, अंदेशा है कि सन 2050 तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसके बाद अगले पचास सालों में दुनिया का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। आंकड़ों से यह पता चलता है कि औद्योगिकीकरण से पहले के काल की तुलना में 2023 में धरती का औसत तापमान 1.45 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है।



सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मनुष्य उतनी तेजी से अपना व्यवहार और बर्ताव नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनाई गई सीमाओं को नहीं मानता। मौसम का संकेत मौसम की चेतावनी पूरी धरती के लिए, अर्थात इस धरती पर रहने वाले, पलने वाले, फलने–फूलने वाले, हर चल–अचल के लिए है। इसलिए पर्यावरण के बारे में वर्ल्ड लीडरों की भाषणबाजी से ज्यादा प्रत्यक्ष रूप से अपने आचरण में ठोस बदलाव की जरूरत है। इस बात को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि अगर मौसम के बदलने की रफ्तार तेज है तो हमें भी अपने कार्बन उत्सर्जन के मानकों और उद्देश्यों को तेजी से नए सिरे से निर्धारित करना होगा। न सिर्फ कार्बन उत्सर्जन, बल्कि मीथेन और नाइट्रेड ऑक्साइड भी नई चुनौती है। चीन के बाद भारत ही सबसे ज्यादा मीथेन का उत्सर्जन करता है। इसकी बड़ी वजह हमारा पशुधन है। पशुधन को बचाते हुए मीथेन को नियंत्रित करना होगा।

विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाजारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखाई नहीं देती। यही वजह है कि इन दिनों धरती को आहत करने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में कुछ वर्षों से तेजी से इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में तबाही के मंजर को कौन याद करना चाहेगा? हर साल कोई न कोई चक्रवाती तूफान धरती के किसी न किसी हिस्से को तहस–नहस कर दे रहा है। आपको याद होगा कि पिछले साल बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान श्मोकाश से तकरीबन 17 लाख लोग बेघर हो गए थे।

## नई रोशनी

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** आठवीं शताब्दी के मध्य से लेकर अगले करीब चार सौ बरसों तक कत्यूरी राजाओं ने उत्तराखंड पर शासन किया। इस दरम्यान उन्होंने बैजनाथ के मंदिरों जैसे तोहफे दिए, जो उनकी पहचान बन गए। उसी समय की एक मूर्ति इस पहचान को नई रोशनी में दिखाती है। बैजनाथ के पास ही एक गांव है गढ़सेर। यहां मंदिरों के खंडहरों में खुदाई के दौरान 1984 में एक मूर्ति मिली। दुर्लभ और इकलौती। यह मूर्ति थी कामदेव की। ग्रीन स्टोन से बनी। इसमें कामदेव को चतुर्भुज यानी चार हाथों वाला दर्शाया गया है। पूरे खिले हुए कमल के फूल पर बैठे हैं वह। उनके एक हाथ में पुष्प शर है यानी फूलों का बाण, एक में उनका खास धनुष है फूलों या गन्ने का बना हुआ और एक में फूल। एक हाथ में वह ध्वज थामे हैं, जिस पर मगरमच्छ अंकित है।

## संपादकीय

### भविष्य की खातिर

भारत का जल संकट दुर्गम नहीं है, लेकिन इसे दूर करने के लिए सरकार, समुदायों और व्यक्तियों को मिलकर प्रयास करना होगा। वर्षा जल संचयन, दूषित जल का ट्रीटमेंट, कुशल कृषि पद्धति और तर्कसंगत जल मूल्य निर्धारण जैसे तरीके अपनाए जाने चाहिए। अब हाथ पर हाथ धरकर बैठे रहने का समय निकल चुका है। पानी संरक्षण और इसके कुशल उपयोग के लिए आज जो भी कदम उठाए जाएंगे, उससे विनाशकारी भविष्य को टालने में मदद मिलेगी। जल प्रबंधन का एक अनदेखा पहलू पानी की कीमत है। भारत में पानी लगभग मुफ्त है। इससे इसका अंधाधुंध उपयोग हो रहा है। इसी कारण पानी को जाया भी किया जाता है। इसे रोकने के लिए दक्षिण अफ्रीका का मॉडल अपनाया जा सकता है। वहां एक तय राशि का पानी मुफ्त दिया जाता है, लेकिन उससे अधिक इस्तेमाल पर शुल्क वसूला जाता है। अगर पानी की कीमत वसूली जाएगी तो उससे इसके इस्तेमाल को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ेगी। आखिर में मैं कहना चाहूंगा कि अगर हम सही तरीके से पानी का प्रबंधन करते हैं तो उससे देश का भविष्य समृद्धि होगा।

भारत को पानी की गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में 120वें स्थान पर रखा गया। सवाल यह है कि भारत में जल संकट का कारण पानी की कमी है या पानी का कुप्रबंधन?

# आबादी का दबाव

चंद्रभूषण।।

भारत में किसी सामान्य वर्ष में गर्मियों के आगमन के साथ ही जल संकट की भी शुरुआत होती है। लेकिन इस बार तो फरवरी में ही बेंगलुरु में पानी की किल्लत सामने आ गई। मुंबई ने भी पानी की आपूर्ति में कटौती की घोषणा की है। दिल्ली और चेन्नै भी इसके लिए तैयार हैं। जल संकट के बारे में नीति आयोग की 2018 में प्रकाशित रिपोर्ट में भी बात की गई थी। इसमें बताया गया कि देश अपने इतिहास के सबसे खराब जल संकट का सामना कर रहा है। करीब 60 करोड़ लोगों में पानी की कमी को लेकर तनाव है। रिपोर्ट में भारत को पानी की गुणवत्ता सूचकांक में 122 देशों में 120वें स्थान पर रखा गया। सवाल यह है कि भारत में जल संकट का कारण पानी की कमी है या पानी का कुप्रबंधन? मेरा मानना है कि पानी की कमी के लिए दोनों ही कारण जिम्मेदार हैं।

भारत में दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी रहती है, लेकिन जल संसाधन केवल 4 प्रतिशत ही हैं। देश में औसत वर्षा 1100 मिमी होती है, जिसमें से तीन–चौथाई तीन महीने की छोटी अवधि में होती है। देश के विभिन्न भागों में बारिश में बड़ा अंतर है। राजस्थान और गुजरात के शुष्क क्षेत्रों में मात्र 150 मिमी बारिश होती है, जबकि पूर्वोत्तर में 2500 मिमी। प्रति व्यक्ति पानी



की उपलब्धता 900 मीटर घन वर्ष से भी कम है, जो घनी आबादी वाले गंगा के मैदानी इलाकों में 500 वर्ष तक कम हो जाती है। यह उप–सहारा अफ्रीका के समान है, जहां लोग बूंद–बूंद पानी के लिए लड़ते हैं। भारत की जनसंख्या के 2050 तक 160 करोड़ तक बढ़ने का अनुमान है। इससे प्रति व्यक्ति पानी की उपलब्धता और कम हो जाएगी। इन सबके अलावा हमारा जल भी प्रदूषित है। नीति आयोग की रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि देश में लगभग 70 प्रतिशत पानी दूषित है। फिर जलवायु परिवर्तन का भी असर हो रहा है। मॉनसून पर भारत की भारी निर्भरता है, लेकिन यह जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से अनिश्चित होता जा रहा है। इससे भी आने वाले वक्त में पानी का संकट और बढ़ सकता है।

भारत के जल संकट को दूर करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसका उद्देश्य न केवल पानी की उपलब्धता बढ़ाना है बल्कि जल संसाधनों का कुशल उपयोग और प्रबंधन भी है। भूजल, झीलों और तालाबों को रीचार्ज करने के लिए बारिश के पानी का संचयन जरूरी है। इससे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी की समस्या कम होगी। सिंगापुर जैसे सबसे आधुनिक शहर भी वर्षा जल संचयन की प्रैक्टिस करते हैं। सिंगापुर की लगभग आधी भूमि का उपयोग बारिश के पानी को कैप्चर करने के लिए किया जाता है। इसी तरह की पहल से बेंगलुरु जैसे शहर पानी की कमी की समस्या को काफी हद तक हल कर सकते हैं। अगर पानी को रीसाइकल और रीयूज किया जाता है तो इससे ताजा पानी की मांग कम हो सकती है। नामीबिया में विंडहोक और सिंगापुर जैसे शहरों ने जो उदाहरण पेश किया है, वह सीखने लायक है। इन दोनों शहरों में सीवेज के दूषित जल को बेहद आधुनिक तरीके से ट्रीट किया जाता है। इसके बाद इसका पेयजल के रूप में इस्तेमाल होता है। भारत में चेन्नै जैसे शहरों में औद्योगिक उपयोग के लिए पानी को ट्रीट किया जाता है। इसे पूरे देश में तुरंत अमल में लाया जाना चाहिए।

**सूडोकु नवताल-5345** ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## अपना ब्लॉग

### तापमान एक बड़ी चुनौती

**मोहन।** कहने का तात्पर्य यही है कि बढ़ते हुए तापमान का यह खतरा भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बाकी दुनिया से ज्यादा है। इसके पहले शिकार हमारे देश के किसान बनने वाले हैं। भारत के किसानों पर और खेती पर इसका असर दिखाई पड़ने लगा है। मौसम बदल रहा है, फसलों का चक्र बदल रहा है, उत्पादन बदल रहा है। हमारे लिए यह ज्यादा चिंता का विषय इसलिए भी है कि भारत में खेती सर्वाधिक रोजगार देने वाला सेक्टर है, क्योंकि कृषि से जुड़े तमाम पूर्ण व्यवसाय भी हैं। हमारा पशुधन, हमारा मत्स्य व्यवसाय, हमारी सागर संपदा सबकुछ दांव पर है। लिहाजा भारत के आर्थिक महासत्ता बनने के सपने के लिए भी बढ़ते तापमान को एक बड़ी चुनौती के रूप में देखा जाना चाहिए और व्यक्तिगत स्तर पर अपने व्यवहार में चेंज लाना चाहिए। कृषि में भारत के 80 फीसदी पानी का उपयोग होता है। सटीक कृषि, हाइड्रोपोनिक्स और जैव प्रौद्योगिकी के माध्यम से पैदावार को बनाए रखते हुए इसकी खपत घटाई जा सकती है। इसके अलावा, बहु–फसल और गैर–रासायनिक प्रक्रियाओं का उपयोग जैसे शून्य–बजट प्राकृतिक खेती के तरीकों को अपनाने से भी जल संरक्षण में मदद मिल सकती है।





## अगले महीने से सलमान खान लेकर आ रहे हैं आपका पसंदीदा शो

रिएलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 की जबरदस्त सफलता के बाद अब फैंस इसके अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी को लेकर एक गुड न्यूज आ रही है कि ये इंतजार अब खत्म होने वाला है। बस एक महीना और। फिर से होस्ट सलमान खान नए जाने–माने चेहरों के साथ आपके सामने हाजिर होंगे। अब रिपोर्ट्स बता रही हैं कि ये शो 15 मई 2024 से शुरू होने वाला है। बिग बॉस ओटीटी 3 के बारे में और ज्यादा जानकारी अभी सामने नहीं आई, लेकिन मेकर्स और जानी–मानी पर्सनैलिटीज के बीच नेगोशिएशन चल रहा है। किसे कितनी रकम मिलेगी, इस पर चर्चा हो रही है। साथ ही कौन–कौन इस बार नजर आएगा, इसका भी दौर जारी है। फिलहाल, रिपोर्ट्स ये बता रही हैं कि मेकर्स अगले महीने से इसे प्रीमियर करने की प्लानिंग कर रहे हैं। टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन बिग बॉस 17 में आए थे। विक्की को लेकर अफवाह उड़ रही थी कि वो शबिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है और बताया कि उनका ऐसा कोई प्लान नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस सीजन के लिए दलजीत कौर का नाम सामने आ रहा है, जो इन दिनों अपनी दूसरी शादी के टूटने की खबरों से चर्चा में हैं।

## जब संजय दत्त ने राजनीति में एंट्री के सवाल पर दिया था मजेदार जवाब

बॉलीवुड के कई स्टार्स राजनीति में भी अपनी किस्मत आजमाते हैं। इनमें अमिताभ बच्चन से लेकर कंगना रनौत तक का नाम शामिल है। इस लिस्ट में संजय दत्त का नाम शामिल नहीं है, लेकिन बीते कुछ दिनों से अफवाह उड़ रही थी कि वो भी ये दांव आजमाने वाले हैं। कहा जा रहा था कि वो हरियाणा की करनाल लोकसभा सीट से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। खैर। एक दिन पहले, सोशल मीडिया पोस्ट से उन्होंने इन अफवाहों को खारिज कर दिया। ये भी कहा कि अगर वो राजनीति में आएंगे तो खुद इसका ऐलान करेंगे। इस बीच संजू बाबा का एक पुराना बयान वायरल हो रहा है, जब उन्होंने राजनीति के सवाल पर कहा था– मुझे गधे की सवारी पसंद है! संजय दत्त के फैंस जानते हैं कि उनके पापा सुनील दत्त ने फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया था और इसके अलावा वो राजनीति में भी सक्रिय थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की थी। संजय दत्त की बहन प्रिया भी इसी राजनीतिक पार्टी में सांसद रह चुकी हैं।

## दिलजीत दोसांझ की बीवी है अमेरिकन इंडियन! दोस्तों ने कर दिया कंफर्म




फेमस पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपनी फिल्म चमकीला के लिए चर्चा में बने हुए हैं। परणीति चोपड़ा सहित कई कलाकारों से सजी ये फिल्म 12 अप्रैल 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। इस बीच दिलजीत की उस पर्सनल लाइफ के बारे में भी खूब कयास लगाए जा रहे हैं, जिसके बारे में वो ज्यादा बात करना पसंद नहीं करते हैं। कई दिनों से ये अफवाह उड़ रही है कि वो शादीशुदा हैं। उनकी बीवी और बच्चा विदेश में रहते हैं। दिलजीत दोसांझ भले ही अपनी निजी जिंदगी को दुनिया की नजरों से छिपाकर रखते हैं और फैंस के बीच उनकी शबीबा मुंडाश यानी गुड ब्वॉय वाली इमेज बनी हुई है, लेकिन उनके दोस्तों ने इस खबर पर मुहर लगा दी है कि वो शादीशुदा हैं और उनका एक बच्चा भी है। दोस्तों का कहना है कि दिलजीत की वाइफ अमेरिकन–इंडियन है और उनका एक बेटा है। उनके माता–पिता लुधियाना में रहते हैं। साल 1984 में जन्में दिलजीत ने बहुत कम उम्र में म्यूजिक पर मुकाम हासिल कर लिया था। जिस गांव में उनका बचपन बीता, वहां के सरपंच माखन सिंह ने बताया, श्उनके पिता बलबीर सिंह पंजाब रोडवेज में बस ड्राइवर थे। वे समय मिलने पर हॉकी खेलना पसंद करते थे।

# कंगना को बीजेपी से टिकट मिलते ही शेखर सुमन के बदले बोल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत अब राजनीति में भी अपनी किस्मत आजमा रही हैं। वो बीजेपी के टिकट पर हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। अपने बेबाक बयानों और विवादों के लिए पहचानी जाने वाली कंगना, कभी एक्स बॉयफ्रेंड्स अध्ययन सुमन संग बेहद गंदे ब्रेकअप की वजह से भी सुर्खियां बटोर चुकी हैं। यह वो दौर था, जब दोनों ने एक–दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। यहां तक कि अध्ययन के पिता शेखर सुमन ने भी कंगना को बुरा–भला कहा था। लेकिन अब अचानक शेखर सुमन के बोल बदल गए हैं। कभी बाप–बेटों ने जहां बिना नाम लिए कंगना को कोकेन लेने वाली और काला जादू करने वाली एक्ट्रेस तक कहा था, वहीं अब एक नए इंटरव्यू में शेखर सुमन ने कहा है कि उनका बेटा अध्ययन तब बहुत खुश था, जब वो कंगना के साथ रिलेशनशिप में था। बाप–बेटे की यह जोड़ी जल्द ही संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडी में नजर आने वाली है।*



**अब कोई मनमुटाव नहीं है**

शेखर सुमन ने कंगना रनौत और अपने बेटे अध्ययन सुमन के रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा कि अब कोई मनमुटाव या गलत भावना नहीं है। एक्टर ने कहा, हम सभी लाइफ में अलग–अलग फेज से गुजरते हैं। जो आज सही लगता है, हो सकता है कल वो सही ना लगे और इससे विपरीत भी। कोई भी रिश्ता बनाकर ब्रेकअप करना और आगे बढ़ जाना नहीं चाहता।



हर कपल अपने रिश्ते में ठहराव चाहता है, क्योंकि ये गहरा और पवित्र है।

**ब्रेकअप के लिए नियति को ठहराया दोषी**

61 साल के एक्टर ने बेटे अध्ययन और कंगना के फेल रिलेशनशिप के लिए नियति को दोषी ठहराया और इस बात पर जोर दिया कि हर किसी को अपने पिछले रिश्तों को प्यार से देखना चाहिए। वो कहते हैं, किस्मत की कई भूमिकाएं होती हैं और आपको भाग्य का अनुसरण करना पड़ता है। कंगना और अध्ययन जब साथ थे तो खुश थे और अपने–अपने रास्ते चले गए। ऐसा होना तय था। इसलिए एक–दूसरे के प्रति कोई बुरी भावना और दुश्मनी की भावना नहीं है। कभी–कभी चीजें आवेश (गुस्से) में आ जाती हैं, लेकिन इंसान को पीछे मुड़कर प्यार से देखना चाहिए

इसी के साथ शेखर सुमन ने फेमस कवि और गीतकार साहिर लुधियानवी की कुछ पंक्तियां भी कहकर सुनाई, श्वो अफसाना जिसे अंजाम तक लाना ना हो मुमकिन उसे एक खूबसूरत मोड़ देकर छोड़ देना अच्छा।

**कंगना के राजनीति में शामिल होने पर कही ये बात**

जब शेखर से कंगना के राजनीति में शामिल होने पर उनकी राय पूछी गई तो वो बोले, हम इसके बारे में ज्यादा सोचते नहीं है। ना ही फैमिली और ना ही अध्ययन। उनकी लाइफ का एक फेज था। हम कौन होते हैं टिप्पणी करने वाले और जज करने वाले? हम अपने रास्ते पर हैं। हर कोई अपनी खुशी और संतुष्टि के लिए काम कर रहा है। ये सही है या ये गलत है... घूम–घूमकर उंगली उठाने का कोई मतलब नहीं है।

# घुंघराले बालों के कारण ऑडिशन से निकाले गए थे सिद्धांत चतुर्वेदी

*बॉलीवुड एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी आज जाना–पहचाना नाम है। हर कोई इनसे वाकिफ है। इन्होंने जोया अख्तर की मूवी श्गली बॉयश से सबको अपना दीवाना बना दिया था लेकिन एक वक्त ऐसा था जब इन्हें इनके बालों के कारण रिजेक्शन झेलना पड़ा था। स्कूल में इन्हें परेशान किया जाता था। एक्टर ने खुलासा किया है।*



गली बॉय एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने करियर में खूब नाम कमाया है। जोया अख्तर की फिल्म से ये रातोंरात स्टार तो बने लेकिन उसके पहले इन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। जिसके बारे में अब इन्होंने खुलासा किया है। बताया है कि उन्होंने ऑडिशन्स के दौरान रिजेक्शन झेला है और स्कूल में घुंघराले बालों के लिए उन्हें परेशान भी किया गया है। सिद्धांत चतुर्वेदी ने बताया कि कैसे उनके घुंघराले बाल उन्हें एक्टिंग असाइनमेंट पाने के बीच में रुकावट पैदा करते थे। उन्होंने बताया, मुझे मेरे घुंघराले बालों के कारण कई ऑडिशन से खारिज कर दिया गया था। एक ट्रेंड सेट कर दिया गया था कि घुंघराले बालों वाले हीरो के रोल में फिट नहीं बैठते हैं।

ऑडिशन में रिजेक्ट हुए थे सिद्धांत चतुर्वेदी

एक्टर ने उस बारे में भी बताया कि वह अपने टैलेंट के दम पर, ऑडिशन के फाइनल राउंड्स तक तो पहुंच जाते थे। लेकिन उन्हें उनके दिखने के आधार पर रिजेक्ट कर दिया जाता था। उनसे कहा जाता था, श्ये घुंघराले बाल इस रोल के लिए फिट नहीं बैठ रहे, तुमको फिर से कोशिश करनी चाहिए।श एक्टर ने बताया कि ये चीजें उन्हें ना सिर्फ ऑडिशन रूम में झेलनी पड़ीं, बल्कि स्कूल में भी दिक्कतें हुईं।

स्कूल में भी सिद्धांत चतुर्वेदी हुए बुली

एक्टर ने अपने घुंघराले बालों के कारण स्कूल में होने वाली परेशानियों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि स्कूल में उन्हें इसी वजह से बहुत बुली किया जाता था। उन्हें स्कूल में भी काफी चीजें झेलनी पड़ी थीं। लेकिन इन सारी चीजों के बावजूद एक्टर ने इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई। आखिरी बार उन्हें श्खो गए हम कहांश में दाखा गया था। अब वह श्युधराश में नजर आएंगे, जिसमें मालविका मोहन, राघव जुयाल, गजराज राव और राम कपूर होंगे।

# आम बीमारियों की एक दवा है ये किचन में रखी ये जड़ी बूटी

*हर मौसम में किसी न किसी बीमारी का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए उस मौसम में होने वाली बीमारी को सीजनल डिजीज कहते हैं। जैसे कि गर्मियों में डिहाइड्रेशन, वर्टिगो, सन बर्न, हीट स्ट्रोक, फूड प्वाइजनिंग, मीजल्स और चिकनपह्क्स आदि का खतरा बढ़ जाता है।*



**नारियल पानी रोज पिएं**

गर्मी में नारियल पानी का सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है। रोजाना इसे पीने से आप कई बीमारियों के खतरे से बचे रहते हैं। इससे आपके शरीर को अंदर से ठंडक मिलती है। इसमें मिनरल्स, इलेक्ट्रोलाइट्स और नेचुरल शुगर होता है, जो कि शरीर को हाइड्रेशन और पोषण प्रदान करती है।

**तरबूज और खरबूज**

तरबूज और खरबूज में पानी की अच्छी मात्रा पाई है और यह शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं। इन फलों का सेवन आपको मौसमी बीमारियों से बचाने में मदद करता है। इनमें एंटीऑक्सीडेंट की उच्च मात्रा के साथ विटामिन ए, विटामिन सी, पोटेशियम, मैग्नीशियम और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

**नींबू पानी**

नींबू पानी का गर्मियों में रोजाना सेवन करना आपको कई सीजनल बीमारियों से बचा सकता है। नींबू में विटामिन सी की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और अन्य पोषक तत्व भी होते हैं, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं।

**हल्दी**

वैसे तो हल्दी गर्म होती है, लेकिन इसका सेवन पूरे साल किया जाता है और यह कई गंभीर बीमारियों के खतरे को भी कम करती है। हल्दी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-इन्फ्लेमेटरी प्रॉपर्टीज इम्यून सिस्टम को स्वस्थ रखने में मदद करती है। जो गर्मी में भी आपको कई बीमारियों से बचाती है।

**दही जैसे डेयरी प्रोडक्ट**

गर्मियों में दही और पनीर जैसे डेयरी प्रोडक्ट का सेवन भी जरूर करना चाहिए। इनमें प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं, जो आपके पाचन के लिए तो अच्छे होते हैं, लेकिन इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाए रखने में मदद करते हैं।



## घुटने-कमर, जोड़ों का दर्द चूस लेगा ये खास तेल, 2 जड़ी बूटी से घर में बना लें

सर्वाइकल, साइटिका, जोड़ों में दर्द, कमर में दर्द, घुटनों में दर्द या फिर उठते-बैठते समय जोड़ों से कट-कट की आवाज आना और मोच का दर्द। इन सभी समस्याओं से रोजाना कोई न कोई परेशान रहता है। जाहिर है इससे आपका चलना-फिरना, उठना-बैठना और रोजाना के काम करना तक मुश्किल हो सकता है। आयुर्वेद डॉक्टर रोबिन शर्मा के अनुसार, इन सभी समस्याओं के इलाज के लिए आप मेडिकल इलाज के साथ-साथ कुछ आयुर्वेदिक उपाय भी आजमा सकते हैं। जोड़ों के दर्द के इलाज के लिए आप आप घर पर ही आयुर्वेदिक तेल बना सकते हैं। यह तेल 80 प्रकार के वात रोगों का काल है। चलिए जानते हैं इसे कैसे बनाएं और कैसे इस्तेमाल करें। आप इस आयुर्वेदिक तेल का कभी भी इस्तेमाल कर सकते हैं। जब भी आपको किसी हिस्से में किसी भी तरह दर्द महसूस हो, तो इस तेल से मालिश करें। अपने एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए जानी जाने वाली जावित्री गंभीर जोड़ों के दर्द और लूम्बेगो और ऑस्टियोआर्थराइटिस जैसी अन्य सूजन संबंधी स्थितियों का इलाज करती है। गठिया के कारण होने वाले दर्द से निपटने के लिए जावित्री का तेल त्वचा पर लगाया जाता है। सूखे अदरक के पाउडर में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं और यह गठिया से पीड़ित लोगों के लिए यह बढ़िया इलाज है। सोंठ का पाउडर जोड़ों के दर्द में कॉक्स-2 की तरह काम करता है। कॉक्स-2 ऐसी दवाएं हैं जिनका उपयोग दर्द और सूजन के इलाज के लिए किया जाता है।

# विटामिन डी लेने का बेस्ट तरीका, धूप में जलने की जरूरत नहीं

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*विटामिन डी की कमी बहुत खतरनाक होती है। इसके कारण हड्डियों के टूटने का खतरा होता है। डॉक्टर इससे बचने के लिए धूप में बैठने की सलाह देते हैं। डॉक्टर ने गर्मियों में 2 हाई विटामिन डी फूड्स को खाने की सलाह दी है। विटामिन डी की कमी बहुत ज्यादा आम हो गई है। अगर भीड़ में किसी की तरफ इशारा किया जाए तो 90 प्रतिशत संभावना है कि उसमें विटामिन डी की कमी निकले। घर में पड़े रहने के कारण बच्चों में भी यह पोषक तत्व कम हो गया है। जिसकी वजह से उनका शारीरिक और मानसिक विकास कम हो गया है। बच्चों की हाइट बढ़ाने के लिए विटामिन डी बहुत महत्वपूर्ण है।*

**गर्मी में विटामिन डी कैसे बढ़ाएं?**

एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन डी लेने के लिए धूप में बैठना चाहिए। लेकिन इतनी देर बैठना मुमकिन नहीं होता और गर्मियों में यह काम बहुत मुश्किल है। ऐसे में हर्बल डॉक्टर निशांत गुप्ता ने






इस कमी को पूरा करने वाले 2 देसी उपाय बताए हैं। जिनसे हड्डियों में ताकत भर जाएगी और बच्चों की हाइट बढ़ने लगेगी।

**बांस का मुरब्बा**

डॉ. निशांत गुप्ता के मुताबिक बांस का मुरब्बा खाना ज्यादा बढ़िया उपाय है। इसके लिए सुबह-शाम 50 ग्राम बांस का मुरब्बा खाएं। यह देसी फूड विटामिन डी की कमी बहुत तेजी से पूरी हो जाएगी। यह नजर तेज करता है और एंटीऑक्सीडेंट्स देता है।

**मशरूम**

डॉक्टर ने विटामिन डी की कमी पूरी करने के लिए मशरूम खाने की सलाह भी दी है। यह एक लो कैलोरी फूड है जो प्रोटीन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स देता है। दिल, दिमाग और आंखों की हेल्थ के लिए यह फूड हेल्दी है।

**मशरूम खाने का सही तरीका**

डॉक्टर ने बताया कि मशरूम की सब्जी बनाने से पहले एक काम करें। इसे आधे घंटे के लिए धूप में सुखा लें। मशरूम का नेचर अवशोषित करना होता है। जब मशरूम को धूप में रखते हैं तो उसका म्तहवेजमतवस विटामिन डी में बदल जाता है।

## पूरा होगा पतले होने का अधूरा सपना, ये बाते आएंगी काम

चैत्र नवरात्रि के व्रत आज से शुरू हो गए हैं। आप जानते ही हैं कि साइंस में फास्टिंग फायदेमंद बताई गई है। व्रत रखना एक प्रकार की डाइटिंग है, जिसे वजन कम करने से लेकर हार्ट अटैक से बचाव के लिए किया जाता है। नवरात्रि व्रत में दिन में सिर्फ एकबार संपूर्ण भोजन किया जाता है, जो कि काफी हल्का होता है। यही तरीका श्वन मील ए डेश डाइटिंग में फॉलो किया जाता है। इस डाइटिंग को कई सारे सेलिब्रिटी करते हैं जो एकदम फिट नजर आते हैं। थोड़े समय के लिए इसे फॉलो करना काफी फायदेमंद है। आइए जानते हैं कि ये वन मील ए डे क्या है? वन मील ए डे को ओमैड डाइट भी कहा जाता है। इसमें कैलोरी इनटेक पर कड़ी लगाम लगा दी जाती है। जिसके कारण वजन अपने आप गिरने लगता है। इसमें दिन के एक पहर पूरा भोजन लिया जाता है। यह इंटरमिटेंट फास्टिंग का हिस्सा है। ओमैड फास्टिंग में दिन के एक पहर हल्का भोजन किया जाता है और बाकी वक्त भूखा रहा जाता है।

## ऐसे खाएंगे तो गर्मी से बचाव के साथ कोलेस्ट्रॉल भी करेगा कम



गर्मियों के मौसम में अगर सबसे ज्यादा किसी फल का इंतजार रहता है तो वो आम ही है और कच्ची कैरी का मौसम शुरू हो गया है। यह केवल स्वाद ही देती है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। गर्मियों में कच्चे आम की भी बहुत डिमांड रहती है। लेकिन इसके फायदे के बारे में बहुत की कम ही लोग जानते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की एक रिपोर्ट के अनुसार इसमें कई तरह के विटामिन पाए जाते हैं, जैसे कि इसमें विटामिन सी विटामिन ई, विटामिन ए और विटामिन के, इसी के साथ ही अन्य पोषक तत्व भी होते हैं इसमें, जो हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को अच्छा बनाए रखने में मदद करते हैं। कच्चे आम के फायदे वास्तव में बहुत ही अनगिनत हैं।अगर आप कच्चे आम के फायदे नहीं जानते हैं तो ये आर्टिकल जरूर पढ़ें। कच्चा आम लिवर और आंत की समस्याओं को भी कम करता है। इसका आप डिटॉक्स ड्रिंक भी बनाकर पी सकते हैं। कच्चा आम खाने से छोटी आंत में बाइल सिक्रीशन बढ़ता है। ऐसा होने से फैट का अब्जॉर्प्शन होता है और हार्मफुल माइक्रोब्स खत्म हो जाते हैं। कच्चे आम का पना गर्मियों को कई मौसमी बीमारियों के खतरे को कम करता है। कच्चे आम में हीट और डिहाइड्रेशन से बचाने वाले गुण होते हैं। कच्चा आम शरीर से सोडियम क्लोराइड और आयरन के एक्सेस लॉस को कम करने का काम करता है।



जबरदस्त फॉर्म में हैं पृथ्वी शॉ

शॉ ने सीएसके के खिलाफ 27 गेंदों में 43 रन बनाए और टीम को 191 रन के कुल स्कोर तक पहुंचाया। उनकी इस पारी के दम पर ही डीसी ने 20 रन से मैच जीतकर सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की थी। शॉ ने मुंबई के खिलाफ आईपीएल 2024 में अपना पहला अर्धशतक बनाया। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम में 40 गेंदों पर 66 रन बनाए।

## क्रिकेटर ने दिखाई अपने आलीशान महल की झलक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की माया नगरी कही जाने वाली मुंबई के दिल यानी बांद्रा में रहने का सपना हर कोई देखता है, लेकिन इस पॉश इलाके की कीमत ऐसी है कि किसी–किसी का सपना ही पूरा होता है। भारतीय ओपनर पृथ्वी शॉ का यह सपना अब पूरा हो गया है। कभी विरार से फास्ट लोकल पकड़कर क्रिकेट प्रैक्टिस के लिए बांद्रा जाने वाले वाले शविरार के छोकरे ने घर पहले ही खरीदा था, लेकिन अब यह बनकर पूरा हो गया है। मुंबई के रहने वाले शॉ को बचपन से ही एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में पहचाना गया था। उन्होंने स्कूल क्रिकेट में 500 से अधिक रन बनाए और बाद में 2018 में अंडर–19 क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम की कप्तानी की। इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि खरीदने के बाद काम शुरू होने से पहले कबाड़ की तरह दिख रहे इस अपार्टमेंट में पृथ्वी बैठे हुए हैं। पृथ्वी शॉ ने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा– इस पल के बारे में सपने देखने से लेकर इसे जीने तक, यात्रा अवास्तविक रही है। स्वर्ग का अपना टुकड़ा पाकर मैं बहुत आभारी हूं! अच्छे दिन आने दो। शॉ का नया घर एक घरेलू वातावरण और आलीशान इंटीरियर के साथ बहुत खूबसूरत लग रहा था। अपने नए घर में पोज देते हुए शॉ के चेहरे पर मुस्कान दिख रही है।

# बेटी जीवा के खातिर एमएस धौनी ने लिया था संन्यास

**क्रिकेट**

## धोनी की वाइफ साक्षी का पुराना वीडियो हुआ वायरल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की फैन फोलोइंग किसी से छुपी नहीं हैं। धोनी ने अपनी कप्तानी भारत को तीन आईसीसी खिताब जिताए थे और उनकी गिनती दुनिया के बेस्ट कप्तानों में होती हैं। माही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं, लेकिन उनके रिटायरमेंट को लेकर हाल ही में एक पुरानी वीडियो वायरल हो रही हैं, जिसमें उनकी वाइफ साक्षी उनके संन्यास को लेकर कुछ खुलासे करती हुई नजर आई।

दरअसल, धोनी ने भले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो, लेकिन आईपीएल में वह सीएसके की तरफ से खेलते हुए नजर आ रहे हैं। आईपीएल



2024 के एक मैच में सीएसके का सामना केकेआर से हुआ, जिसमें धोनी उस वक्त बैटिंग करने मैदान पर उतरे, जब सीएसके को तीन रनों की जरूरत थी। धोनी ने चेपॉक के मैदान पर जैसे ही कदम रखा तो स्टेडियम में बैठे दर्शकों ने इतना शोर मचाया कि केकेआर के आंद्रे रसेल को अपने कान बंद करने पड़े। इससे ये समझ आता है कि धोनी को बैटिंग करते हुए देखने के लिए आज भी फैंस काफी बेताब रहते हैं।

हाल ही में धोनी के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने को लेकर एक वीडियो वायरल हो रहा है। धोनी ने 30 दिसंबर 2014 को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। वायरल वीडियो में ये सामने आया है कि धोनी ने अपनी पत्नी साक्षी के कहने पर टेस्ट से संन्यास लिया था। साक्षी वीडियो में कहती हुई दिख रही है कि अगर आप एक बच्चा चाहते हैं तो आपको कम से कम एक फॉर्मेट से हट जाना चाहिए, क्योंकि आपके पास समय नहीं होगा अपने बच्चे के साथ आनंद लेने के लिए।

इसके साथ ही साक्षी कहती हैं कि जब जीवा का जन्म हुआ तो अस्पताल में सभी लोग कह रहे थे कि आपके पति नहीं आए तो मैंने उनसे कहा था कि उनकी प्राथमिकता क्रिकेट हैं और मेरी प्राथमिकता वो हैं। ऐसे में जो उनकी प्राथमिकता वो ही मेरी हैं।

# चहल के इमोशनल पोस्ट के बाद इंस्टा फॉलोअर्स में जबरदस्त बूम ?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान विराट कोहली इन दिनों चर्चा में हैं। आईपीएल 2024 में शानदार फॉर्म के बावजूद कुछ आलोचक उनकी स्ट्राइक–रेट को लेकर चिंता जता रहे हैं। उनकी टीम रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु भी दबाव में है। सीजन की खराब शुरुआत के कारण वे पांच में से चार मैच हार चुके हैं। विराट कोहली ने जिस मैच में शतक ठोका था, राजस्थान ने उसमें जोस बटलर के धमाकेदार शतक के दम पर उसे भी जीत लिया। इस मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स के स्टार स्पिनर युजवेंद्र चहल ने एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की, जो वायरल होने लगी।

चहल ने इंस्टाग्राम पर फोटो के साथ भावनात्मक नोट पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा– तुम हमेशा मेरे विराट भइया रहोगे। इस पोस्ट को 13 लाख से ज्यादा लाइक मिल चुके हैं। इस बीच ट्विटर यानी एक्स पर यूजर्स ने दावा किया कि उस पोस्ट के बाद से युजवेंद्र चहल के इंस्टाग्राम पर 10 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स बढ़ गए हैं। यूजर ने दो तस्वीरें भी पोस्ट कीं।

■ एक झटके में मलाइका अरोड़ा से ज्यादा फॉलोअर्स?

इसमें दावा किया गया कि चहल के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स 9.4 मिलियन से बढ़कर 19.4 मिलियन हो गए हैं, जिससे चहल मलाइका अरोड़ा (18.8 मिलियन फॉलोअर्स), दिलजीत दोसांझ (19.3 मिलियन फॉलोअर्स) जैसी हस्तियों से आगे निकल गए हैं। यह हालांकि पूरा सच नहीं है। बढ़े हुए फॉलोअर्स को लेकर दावा की गई दूसरी तस्वीर फर्जी है। इसे फोटोशॉप किया गया है। चहल के अभी भी 9.4 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

इसका मतलब यह है कि चहल जहां थे अभी भी वहीं हैं। मलाइका अरोड़ा को पछाड़ने का दावा करने की बात झूठी है। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने आरसीबी की बल्लेबाजी पर कहा– आरसीबी के लिए गेंदबाजी पिछले कम से कम 10 वर्षों से मुद्दा रही है। आप सीजन के इस मुकाम पर पहुंच जाते हैं कि अगर आरसीबी के लिए चीजें ठीक नहीं हैं तो आप हमेशा गेंदबाजी पर सवाल उठाते हैं। विराट फॉर्म में हैं और उनकी बैटिंग जबरदस्त है, लेकिन गेंदबाजी में टीम फेल हो रही।

## बाज की तरह पैट कमिंस ने सैम करन को दबोचा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुल्लांपुर। आईपीएल 2024 का 23वां मैच पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच खेला गया। इस मैच में हैदराबाद ने 2 रन से पंजाब किंग्स को धूल चटा दी। यह सनराइजर्स की इस सीजन तीसरी जीत थी। नए कप्तान पैट कमिंस के साथ इस सीजन अब तक हैदराबाद का प्रदर्शन गजब का रहा है। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस न सिर्फ एक शानदार लीडर हैं बल्कि वह एक गजब के फील्डर भी हैं, जिसका उदाहरण कमिंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल में भी दिया। उन्होंने एक लाजवाब कैच पकड़ा जिसको देख हर कोई हैरान रह गया। दरअसल, पंजाब किंग्स की पारी का 10वां ओवर सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से टी नटराजन डाल रहे थे। इस ओवर की पहली गेंद पर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले सैम करन स्ट्राइक पर थे। नटराजन ने करन को छोटी गेंद रखी। इस बॉल को बैकफुट पर जाकर सैम करन ने सामने की ओर थप्पड़ शॉट खेला।

## न्यूज डायरी



## अर्शदीप सिंह ने एक झटके में दिग्गजों को पछाड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में एक ओर जहां इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क की हवा टाइट है तो दूसरी ओर सस्ते बिके गेंदबाजों ने कहर मचा रखा है। चेन्नई सुपर किंग्स को बेस प्राइस दो करोड़ रुपये में मिले मुस्तफिजुर रहमान ने 4 मैचों में गजब का प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट झटके हैं और पर्पल कैप अपने सिर पर पहन रखा है तो देसी स्पिनर युजवेंद्र चहल के पास 8 विकेट हैं। इस लिस्ट में अब एक और देसी गेंदबाज की एंट्री हुई है। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह तीसरे नंबर पर आ गए हैं। पंजाब किंग्स के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 4 विकेट झटकने के साथ ही अर्शदीप सिंह के नाम 5 मैचों में 8 विकेट हो गए हैं। वह मैच से पहले दूर–दूर तक लिस्ट में नहीं दिख रहे थे। उनके नाम 4 मैचों में सिर्फ 4 विकेट ही थे। हालांकि, अब खेल बदल गया है। सिंह ने मैच में गजब की गेंदबाजी की। उन्होंने 29 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्होंने ट्रैविस हेड, एडेन मार्करम, मैच में भूचाल लाने वाले नीतीश रेड्डी और अब्दुल समद को चलता किया। जिस अंदाज में अर्शदीप सिंह ने पंजाब की मैच में वापसी कराई उससे लग रहा था कि प्रीति जिंटा की टीम जीत जाएगी। खैर, पंजाब के लिए खुशखबरी यह है कि अर्शदीप फॉर्म में आ गए हैं और टीम चाहेगी कि अगले कुछ मैचों में उनका यह प्रदर्शन जारी रहे।

## ऑस्ट्रेलियाई महान खिलाड़ी का आईपीएल स्टार पर बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में एकमात्र अपराजित टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए जोस बटलर, संजू सैमसन, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट ने उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन किया है। हालांकि, यहां एक नाम ऐसा है, जिसने हर किसी को हैरत में डाल दिया है। वह हैं रियान पराग। यह ऑलराउंडर इस सीजन में एक अधिक परिपक्व खिलाड़ी के रूप में उभरा है, जो टीम के लिए एक मैच विनर बन गया है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के लिए रॉयल्स की तैयारी पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व स्पिनर ब्रैड हॉग ने रियान पराग की खूब प्रशंसा की। हालांकि, उन्होंने साथ ही कहा कि रियान पराग में अहंकार है। एक पॉडकास्ट में हॉग ने बताया कि कि कैसे पराग ने अपनी ऊर्जा को चौनलाइज करना सीखा है और इस साल खुद से अधिक टीम के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उन्होंने कहा– मुझे लगता है राजस्थान रॉयल्स टूर्नामेंट में सबसे संतुलित टीम है। मुझे पसंद है कि उन्होंने अपनी पूरी लाइनअप कैसे सेट की है। अगर संदीप शर्मा भी पूरी तरह से फिट हो जाते हैं तो वह उनके लिए छठे गेंदबाजी विकल्प के रूप में जुड़ सकते हैं।

## आखिरी ओवर में जब लगने लगे छक्के तो उनादकत बने स्पिनर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मौजूदा आईपीएल सीजन में अपनी धुआंधार बल्लेबाजी का पराक्रम दिखा रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (4/29) की अगुआई में पंजाब किंग्स की धारदार गेंदबाजी के सामने बहुत बड़ा टोटल नहीं खड़ा कर पाई। पंजाब को आखिरी ओवर में 29 रनों की जरूरत थी, जिसे बनाना आसान नहीं था। गेंद जयदेव उनादकत के हाथ में, जबकि सामने पिछले मैच के हीरो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा थे। पहली ही गेंद पर आशुतोष शर्मा ने छक्का जड़ दिया। इससे जयदेव का लाइनलेंथ थोड़ा बिगड़ गया। उन्होंने अगली दो गेंदें वाइड कीं तो लीगल दूसरी बॉल को आशुतोष ने फिर बाउंड्री के बाहर 6 रनों के लिए भेज दिया। अगली दो गेंदों पर 2–2 रन बने तो 5वीं गेंद फिर वाइड रही। इसके बाद लीगल 5वीं गेंद पर आशुतोष ने सिंगल लिया तो आखिरी ओवर पर शशांक ने सिक्स जड़ दिया। इस ओवर की सबसे धीमी गेंद 107 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से थी, जबकि एक 110 और एक 117 ाउची से डाली गई थी। यहां बताना जरूरी है कि महान पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले 118 ाउची की रफ्तार से बॉल डाल चुके हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने हिसाब चुकता करते हुए तीन गेंद के अंदर सनराइजर्स के दो विकेट झटक कर टीम को दबाव में ला दिया। तब हैदराबाद का स्कोर 27 रन था। अर्शदीप ने पहले हेड को शिखर धवन के हाथों कैच आउट कराकर वापस लौटाया जिसके बाद एडेन मार्कराम क्रीज पर आए।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती नवरात्रि का द्वितीय दिन शक्ति की उपासना करते हुए।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### द्वितीय स्वरुप मां ब्रह्मचारिणी की हुई पूजा अर्चना

**संवाददाता** देहरादून। श्री पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर में नवरात्र के पावन पर्व पर मां भगवती के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा अर्चना की गई। पंडित भारत भूषण भट्ट ने दुर्गा सप्तशती का पाठ किया व मां भगवती की पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में महिला मंडली ने भजन कीर्तन किए। सेवा दल के मीडिया प्रभारी संजय गर्ग ने बताया कि गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर निकलने वाली भव्य बाला जी की शोभायात्रा में भक्तों के दर्शनार्थ रखी जाने वाली पवित्र ज्योति को राजस्थान बाला जी धाम से लाने के लिए श्रद्धालुओं व सेवा दल का जत्था शिवाजी धर्मशाला से सायं 8 बजे रवाना होगा।

### दून में होगी संत विजय कोशल की श्रीराम कथा

**संवाददाता** देहरादून। संत विजय कौशल महाराज 28 अप्रैल से 5 मई तक प्रतिदिन सायं चार से सात बजे तक लक्ष्मण चौक स्थित हिंदू नेशनल इंटर कालेज के मैदान में श्री राम कथा करेंगे। कथा से पूर्व 28 अप्रैल रविवार को सुबह आठ बजे श्री श्याम सुन्दर मन्दिर पटेल नगर से कथा स्थल तक सुंदर झांकी एवम् बैंड बाजे के साथ 251 महिलाओं की मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। उक्त कथा के सफल आयोजन के लिए श्री राम कथा यज्ञ समिति की बैठक श्री तुलसी प्रतिष्ठान में की गई।

### आईटीबीपी ने स्वास्थ्य शिविर लगाया

**संवाददाता** देहरादून। भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल अकादमी ने सनातन धर्म गर्ल्स इंटर कालेज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें कक्षा 1 से 12 तक के 150 से अधिक छात्रों को स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्हें निशुल्क दवाईयां भी दी गई। बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में आईटीबीपी अकादमी के चिकित्साधिकारियों ने छात्राओं को महावारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने के लिए कहा गया ताकि वे स्वस्थ रह सकें। इस दौरान छात्राओं को संतुलित आहार के बारे में भी बताया गया।

### एमजी मोटर इंडिया ने लांच की हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म

**संवाददाता** देहरादून। 100 सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) मोटर इंडिया ने आज भारत में एमजी हेक्टर का ब्लैकस्टॉर्म संस्करण/एडिशन लांच किया है। एमजी हेक्टर ब्लैकस्टॉर्म को गन मेटल एक्सेंट्स के साथ स्टारी–ब्लैक कलर एक्सटीरियर और ब्लैक थीम इंटीरियर के साथ डिजाइन किया गया है, जो भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी के पॉवरफुल कैरेक्टर को प्रदर्शित करता है।

# नोडल अधिकारी स्वीप ने सभी को दिलवाई मतदाता शपथ

**कार्यक्रम**

■ ओएनजीसी परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**संवाददाता**

देहरादून। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 में मतदान प्रतिशत् बढाने हेतु मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका के निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। उक्त के क्रम में बुधवार को ओएनजीसी परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गत चुनाव में संबंधित परिसर के मतदाताओं का मतदान प्रतिशत कम रहने के कारण मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपस्थित समस्त ओएनजीसी अधिकारियों कर्मचारियों से न केवल स्वयं अपितु अपने परिवार सहित आस पास के समस्त मतदाताओं को जागरूक कर मतदान हेतु बूथ तक साथ ले जाने का आग्रह किया गया। नोडल अधिकारी स्वीप ने सभी को मतदाता शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के वॉलिंटियर द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर ओएनजीसी के अधिशासी निदेशक आनंद गुप्ता पी एंड डी द्वारा जिला निर्वाचन टीम का धन्यवाद देते हुए उपस्थित समस्त अधिकारीध्कर्मचारी से मतदान की अपील की गई। अंत में सभी के द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी सेल्फी भी ली गई।

कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक आर एस नारायणी एचसीए, प्रोबेशनरी आईएएस सुश्री गौरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार, सहायक नोडल स्वीप, आशीष कठैत जिला प्रबंधक जल जीवन मिशन, कमल, ऋचा इत्यादि उपस्थित रहे।

### मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम लोहारी का भ्रमण कर की बैठक

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी देहरादून के निर्देशन में स्वीप टीम के द्वारा चकराता विधान सभा के अन्तर्गत ग्राम लोहारी का भ्रमण कर बैठक आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार द्वारा की गयी। ग्रामवासी ग्राम लोहारी के डूब क्षेत्र में आने के कारण, ग्राम के समीप ही पूर्ण स्थापन की मांग कर रहे थे। ग्रामवासियों का कहना था कि यदि हमारी मांग नही मानी जाती है तो हम आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 का बहिष्कार करेंगे। ग्रामवासियों से उनकी समस्याओं के विषय में विचार–विमर्श होने के उपरान्त चुनाव बहिष्कार की घोषणा वापस ली गयी एवं सर्वसम्मिति से सभी को मतदान करने हेतु शपथ दिलवायी गयी।

### इमरजेंसी सेवाओं से जुड़े मतदाता कल से करेंगे मतदान

**संवाददाता** देहरादून। इमरजेंसी सेवाओं से जुड़े मतदाता कल से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे। इसके लिए अपर सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय में डाक मतदान केंद्र बनाया गया है। आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों को 15 अप्रैल तक वोटिंग करने का मौका मिलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने बताया कि देहरादून जिले के इमरजेंसी सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के लिए मतदान 13 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच सुबह नौ बजे से शाम 5 बजे तक होगा। उन्हें निर्धारित समय के भीतर डाक मतपत्र से ही वोटिंग की सुविधा मिलेगी। जिले में इसके लिए देहरादून में कचहरी परिसर में अपर सिटी मजिस्ट्रेट न्यायालय में मतदान केंद्र बनाया गया है। इन मतदाताओं में रेलवे, हवाई सेवाओं, खाद्य निगम, दूरदर्शन और ऑल इंडिया रेडियो, मीडिया कर्मचारी, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मचारी, परिवहन, संचार सेवाओं, एंबुलेंस समेत अन्य इमरजेंसी सेवाओं से जुड़े हैं। सोनिका ने बताया कि इन सभी को डाक मतपत्र जारी कर दिए गए हैं। साथ ही मतदाता सूची एनआईसी की देहरादून की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

# उत्तराखंड में उतरेंगे भाजपा के स्टार प्रचारक

**चुनावी हुंकार**

■ सीएम योगी आदित्यनाथ फिर भरेंगे हुंकार, 13 को हल्द्वानी में होगी चुनावी रैली

**संवाददाता**

देहरादून। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने स्टार प्रचार की सूची जारी कर दी है। पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। वोटरों को लुभाने के लिए यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ एक बार चुनावी हुंकार भरते हुए नजर आएंगे।

सीएम योगी की चुनावी रैली को सफल बनाने के लिए बीजेपी की ओर से तैयारियां पूरी जोरों पर हैं। बीजेपी की टीम ने 13 अप्रैल को हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज मैदान में होने वाली यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली को सफल बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। जिसके लिए पार्टी के दिग्गज नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। रैली में नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले से पार्टी कार्यकर्ता पहुंचेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि हल्द्वानी में 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली के लिए समय मिल गया है।

रैली की तिथि निर्धारित होने के बाद से ही पार्टी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि रैली की सफलता के लिए नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले के हर मंडल से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को लाने को कहा गया।

### 12 को राजनाथ सिंह गौचर में करेंगे जनसभा

लोकसभा चुनाव के लिए पार्टियों का प्रचार छह दिनों बाद थम जाएगा। ऐसे में भाजपा अब चमोली जिले में स्टार प्रचारकों को उतारने वाली है। इसकी शुरुआत गौचर से होगी। गौचर में 12 अप्रैल को केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल बलूनी के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। रक्षामंत्री के कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सतीश लखेड़ा ने बुधवार को गौचर पहुंचे। उन्होंने बताया कि राजनाथ सिंह की सभा के बाद श्रीनगर में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा करेंगे। वहीं गोपेश्वर व अन्य स्थानों पर भी पार्टी स्टार प्रचारकों को उतारेगी। इस दौरान नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, आलम सिंह पंवार, चेतन मनोड़ी आदि मौजूद थे।



### 85 वर्ष से अधिक मतदाताओं में से 8680 ने किया मतदान

**संवाददाता** देहरादून। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में राज्य के सभी जनपदों में घर–घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से प्रथम चरण के मतदान की कार्यवाही आज पूर्ण हो जायेगी। अभी तक 85 वर्ष से अधिक 9993 मतदाताओं में से 8680 ने मतदान कर लिया है। 2899 दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं में से 2595 दिव्यांग मतदाताओं ने अभी तक अपना मतदान कर लिया है। घर–घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से द्वितीय चरण की मतदान प्रक्रिया 11 अप्रैल से 13 अप्रैल 2024 तक पूर्ण करवाई जायेगी। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के दिवस पर विभिन्न सूचनाओं को प्राप्त करना प्राथमिकता का कार्य होता है, इसमें समयबद्धता बहुत जरूरी होती है।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।